हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
3
जबलपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025
login : www.haribhoomi.com
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदैव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

## खबर संक्षेप

### गोधूलि वृद्धाश्रम में किया सुंदर आयोजन

**छिंदवाड़ा।** 21 सितंबर के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की अहिंसा प्रेमी समाज ने विविध अनुष्ठान के साथ विश्व शांति दिवस मनाया।इस अवसर पर सर्वोदय अहिंसा के साथ नगर पालिक निगम स्वच्छता टीम एवं सिद्धि विनायक बेस्ट मैनेजमेंट के अहिंसा प्रेमी छिंदवाड़ा के गोधूलि वृद्धाश्रम पहुंचे ओर वहां निवास कर रहे सभी 90 बुजुर्गों की कुशल क्षेम पूछकर उन्हें मिष्ठान वितरित किया ओर एक पौधा मां के नाम लगाकर स्वच्छता की शपथ ली।हृदय स्पर्शी एवं सुंदर आयोजन में सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, श्रीमती संगीता जैन, प्रीति संजय जैन, इंजीनियर पराग जैन, डॉक्टर कविता जैन, डॉक्टर याशिका जैन सहित देव पाठक, अमन राजपूत, अंकिता सोनी, विवेक, अंकित, अंजलि, सवाना, आरती, संध्या सहित अन्य सेवा भावी अहिंसा प्रेमियों ने सेवा कार्य किया।प्यार एवं वात्सल्य को दर्शाते सुंदर आयोजन ने सभी बुजुर्गों का मन जीत लिया और अहिंसा प्रेमियों की टीम को दिल से आशीर्वाद देकर सभी के उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

### छात्राओं को दी पाक्सो एक्ट की जानकारी

**छिंदवाड़ा।** बालकों के बढ़ रहे अपराधो एवं उनके अधिकारो की जानकारी छात्र स्तर पर नहीं पहुंचने के कारण मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाते है। इन विषयों की जानकारी देने के लिए जिला प्रधान न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे शासकीय हायरसेकंडरी शाला कोटलबर्री मे बालको के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने बताया की उक्त कार्यक्रम बालको के लिए किशोर न्याय अधिनियम, बालको के अधिकार, पर गतिविधियों का आयोजन कर छात्रों में जागरूकता लाना हे ।

### भाजपा शासन के विरूद्ध हर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता कर रहे है आंदोलन और पुतला दहन

# कांग्रेस के पुतला दहन से आगजनी, पुलिस आरक्षक हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा



जिले में इस समय कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन और आंदोलन निरंतर चल रहे है। इसी क्रम में रविवार को पुतला दहन के दौरान आगजनी हो गई जिसमें दो जवान गंभीर रूप से घायल होने के साथ ही दो अन्य जवानों को हल्की चोंट आई है।

स्थानीय फव्वारा चौक में बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंकने की कोशिश की परंतु अपने कर्तव्य निष्ठा और जनता की सेवा में लगे बहादुर पुलिस के जवानों ने पुतला दहन को रोकने का प्रयास किया। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुतले के ऊपर पेट्रोल डाल दिया जिससे आग तेजी से भड़क गई जिसमें पुंलिस आरक्षक नारायण बघेल के पैर बुरी तरह सुलझ गए जबकि प्रधानआरक्षक युवराज रघुवंशी का हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। पुलिस ने जल्द ही भीड़ पर काबू पाया और घायल आरक्षकों को अस्पताल भेजा गया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि युवक कांग्रेस के नेताओं ने किसी भी तरह की पुतला दहन की अनुमति नहीं ली थी फिर भी पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण और शांतिपूर्ण बनाने रखने का प्रयास किया। फिर भी दो आरक्षक आग की चपेट में आ गए। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### सांसद बंटी साहू ने जताया विरोध

अपना घर द्वार, परिवार और खुद की भी चिंता किए बिना दिन रात देश और जनता की सेवा में लगे पुलिस के जवानों पर हमला करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस एक अराजक संगठन में तब्दील हो गई है। यह बात छिंदवाड़ा पांढुरना सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कही है। घायल पुलिस जवानों से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे सांसद ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वे हर कदम पर उनके साथ हैं। सांसद श्री साहू ने कहा कि इस दुर्भाग्य पूर्ण घटना के पीछे अराजक संगठन कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और शेख कमलनाथ तथा छोटे शेख नकुलनाथ जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी नेपाल की तर्ज पर जेईएनजी को भड़काने का काम कर रहे हैं। युवाओं को भ्रमित कर वे देश में अराजकता का वातावरण पैदा करने की कोशिश में हैं। वे देश में आग लगाकर अपनी राजनीति की रोटियां सेंकना चाहते हैं।

### सरकार का पुतला फूंका, एसडीएम को अपनी मांगों का सौंपा ज्ञापन

# भाजपा के अत्याचार से प्रताड़ित आदिवासियों ने चौरई में किया जंगी प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

भाजपा की सरकार में आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन सभी जगहों से साजिश के तहत बेदखल किया जा रहा है। आदिवासियों की जमीनें भाजपा के नेता खरीद रहे हैं या फिर उनके रिश्ते नातेदार। सीधे तौर पर जमीनों को सामान्य मद में परिवर्तित कर भाजपा के भू माफिया करोड़ रुपए कमा रहे हैं। उन्हें प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। उक्त उदगार ब्लॉक कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ चौरई-चांद एवं मप्र आदिवासी विकास परिषद ने चौरई के जंगी प्रदर्शन में व्यक्त किए।

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ व कांग्रेस के कार्यकाल में कभी किसी आदिवासी पर अत्याचार नहीं हुआ। नेताद्वय ने हमेशा ही आदिवासी भाइयों, बहनों व माताओं का सम्मान बनाए रखा, राजनीतिक क्षेत्र से लेकर हर क्षेत्र में आदिवासी समाज के लोगों को प्राथमिकता मिली, किन्तु भाजपा ने राजनीतिक दबाव से प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग करते हुए आदिवासियों का दोहन प्रारंभ कर दिया है।

### युकां ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार युवक कांग्रेस छिन्दवाड़ा के द्वारा जिले की प्रत्येक विधानसभा में सक्रिय रूप से "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान चलाया गया। चुनाव आयोग व भाजपा सरकार का पुतला फूंककर पुरजोर विरोध प्रगट किया। युवक कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित विरोध प्रदर्शन में युवक कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण राजीव भवन से रैली के रूप में भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला अस्पताल, सिटी कोतवाली, अनगढ़ हनुमान मंदिर से होते हुए फव्वारा चौक पहुंचे। यहां पुलिस की मौजूदगी में चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका। सतत रूप से चले अभियान की कड़ी में युकां ने छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय पर भी "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान चलाकर जनता तक वोट की चोरी से काबिज हुई भाजपा सरकार को बेनकाब किया साथ ही जनता से अपील की कि अपने मत अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए वोट की चोरी के बल पर देश में काबिज हुई भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकना नितांत आवश्यक है।

## पारम्परिक खेलों में सबसे महत्वपूर्ण है कुश्ती: सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

पुराणों में मल्लयुद्ध के नाम से उल्लेखित कुश्ती प्राचीन काल से ही हमारी भारतीय परंपरा का अक्षुण्ण हिस्सा रहा है। हमारे सांस्कृतिक आयोजनों में मल्ल क्रीड़ा की भी सहभागिता होती रही है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया विधानसभा के ग्राम बेलगांव में आयोजित विशाल ईनामीं दंगल के अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर उन्हांने कहा कि पारम्परिक खेलो में कुस्ती सबसे महत्वपूर्ण खेल है। इससे शरीर और मन दोनों तंदरूस्त रहते है। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्थानीय पहलवानों के साथ-साथ देश के अन्य प्रांतों से आए पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस अवसर पर परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, मंडल अध्यक्ष मनीष यादव, बल्लू नागी, ज़िला उपाध्यक्ष नीरज बंटी पटेल, जिला मंत्री श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर, अलकेश लांबा, राजू नरोटे, रिज़वान कुरैशी, जगदीश यदुवंशी, अस्मत यदुवंशी, देवराज यदुवंशी, राजा यदुवंशी, अवधेश साहू, लवकेश यदुवंशी, दुबेलाल यदुवंशी, सुरेंद्र यदुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पार्षद चौहान ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट संगठन के विषय में हुई चर्चा



**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता छिंदवाड़ा के जिला मीडिया प्रभारी व पार्षद संदीपसिंह चौहान ने अपने साथियों के साथ भोपाल में भारतीय भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से स्नेहिल भेंट की। प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जी से मार्गदर्शन प्राप्त किया।छिंदवाड़ा के विषय को लेकर भी चर्चा हुई। महाकाल के दर्शन करने उज्जैन जा रहे पार्षद अचानक भोपाल भाजपा कार्यालय पहुंचे । जहां उन्होंने भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता विजय नामदेव, मनीष निर्मलकर, रमेश पटेल उपस्थित थे।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने किया पौधारोपण

**छिन्दवाड़ा।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत रविवार को छिंदवाड़ा के काराबोह नर्सरी में पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने पौधारोपण करते हुये लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करते हुये इसके संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान सांसद श्री साहू की कार्यक्रम में मौजूदगी से हरियाली और स्वच्छता के इस अभियान में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को और बल मिला। कार्यक्रम में महापौर विक्रम आहके, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नवीन बारस्कर, श्रीमती लीला बिजोलिया, वरिष्ठ भाजपा नेता जगेंद्र अल्डक, राजू नरोटे, विभाग के अधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति विषयों पर शिविर का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे के मार्गदर्शन में रविवार को पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों हेतु आहार, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति विषयों पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिले के विभिन्न थानों एवं पुलिस लाइन का बल उपस्थित रहा। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस टीम से डॉक्टर सईदुलु गद्दाम, श्रीमती श्रद्धा बघेल, डॉ. रामकुमार वर्मा, डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा एवं उनकी टीम ने विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दिया और उपस्थित जनों को उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया।इस शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने तथा नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने का रहा।



## एक रात में तोड़े चार दुकानों के शटर



**पांढुर्ना।** कल शनिवार की रात्रि में नगर में चोरों ने एक साथ 4 स्थानों पर हाथ साफ कर दिया। यहां नागपुर रोड पर जलाराम मंदिर के ठीक सामने स्थित रेणुका मेडिकल स्टोर, कनक आइस्क्रीम पार्लर, प्राप्त जानकारी के अनुसार रेणुका मेडकल में चोरों ने पहले ताला तोडा और 10000 कैश और अन्य कींमती सामान लेकर रफुचक्कर हो गए। इसी प्रकार कनक आइस्क्रीम पार्लर से चोरों ने 5000 रू. नगद सामग्री उडा दी। इसके अलावा छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर वैष्णवी और सतीजा मेडिकल स्टोर में भी चोरों ने हुनर दिखा दिया। इन दोनों दुकानों से चोरों ने लगभग 15000 रू. कैश चुरा लिए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरो की तलाश में लगी हुई है।

## सर्विस सेंटर के नाम पर दोपहिया वाहन बेचने सज गए अनाधिकृत शोरूम

### उपभोक्ता को फाइनेंसर द्वारा ठगा जाता है मनमाने ब्याज एवं फाइल चार्ज के नाम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया

ग्रामीण क्षेत्र के हर वर्ग के नागरिक की एक ही इच्छा होती है कि वह अपनी क्षमता के अनुसार वाहन खरीदे जिससे उसे आवागमन में सुविधा हो उपभोक्ताओं में सर्वाधिक संख्या दो पहिया वाहन खरीदने वालों की है और वो वाहन खरीदने के लिए उत्सुक भी रहता है। तामिया क्षेत्र में भौगोलिक स्थिति के कारण दो पहिया वाहन बहुत आवश्यक माना जाते है। दूरदराज के लोग आने-जाने में परेशान ना हो बस इसी बात का फायदा उठाने में दो पहिया वाहन के अनाधिकृत डीलर जो तामिया में सर्विस सेंटर के नाम खोलकर तामिया तहसील के लगभग हर बड़े गांव में हीरो,होंडा,बजाज, टीवीएस, के सर्विस सेंटर के नाम पर शोरूम खुल गए है। इन अनाधिकृत शोरूम मै दुपहिया वाहन खरीदने वालों को किस तरह ठगा जाता है। यह उपभोक्ता भी नहीं जान पता है। क्योंकि अनाधिकृत डीलर अपने चहेते फाइनेंस कंपनी के फाइनेंसर वैठा कर मनमाने ब्याज एवं फाइल चार्ज के नाम पर उनके साथ खुली धोखाधड़ी की जाती है बतलाया तो यहां तक जाता है कि फाइनेंस के पूर्व जो उपभोक्ता अमानत राशि जमा करता है उस राशि में भी बड़ी डंडी मारी जाती है। फाइनेंसर के खाते में सीधे 10 से 15000 हजार कम जमा कर सीधी सीधी लूट की शुरुआत होती है। उसके बाद वाहन के साथ दी जाने वाली एसेसरीज में भी उपभोक्ता को लूटा जाता है जबकि कंपनी के अपने मापदंड है कि वाहन के साथ हेलमेट टूल्स डिक्की के साथ सजावट का सामान भी नहीं दिए जाते हैं। यदि दिए जाते हैं तो उसका अतिरिक्त शुल्क अपने मनमाने तरीके से लेकर उपभोक्ता लूटा जाता है उसके बाद उसकी फजीहत का दूसरा दौर वाहन खरीदने के बाद शुरू होता है कि वह अपने वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए चक्कर काटता है तो अनाधिकृत डीलर उसे छिंदवाड़ा आरटीओ ऑफिस जाने के नाम पर राशि वसूलते है जो उपभोक्ता की मजबूरी का फायदा उठाने का सीधा-सीधा तरिका बन बैठा है उसके बाद जब उसके जैसे तैसे वाहन का रजिस्ट्रेशन हो जाता है तो वह आरसी बुक के लिए शोरूम के कर्मचारी अनाधिकृत शोरूम के कर्मचारी को 500 आरसी बुक के देने के भी शिकायत आम है उसके बाद उसे अपने वाहन की सर्विसिंग कराने भी भटकना पड़ता है क्योंकि इनके पास कोई योग्य मैकेनिक नहीं होने से गाड़ी धोने वाला वाहनों की सर्विसिंग करते देखे जा सकते हैं जिससे वाहन की क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है साथ ही जो आईल डाला जाता है इंजन में वह दोयम दर्जे का रहता है। इस तरह तामियां तहसील में अनाधिकृत शोरूम वालों के हाथों उपभोक्ताओं का लुटने का सिलसिला समाप्त होता है, लेकिन इस बार दो पहिया वाहन खरीदने वालों की तदाद ज्यादा होने की संभावना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाहनो से जीएसटी घटा दी से 15000 तक की अधिकृत कीमत जीएसटी के कारण कम हुई है। अब देखना यह है कि यह शोरुम वाले ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को इस छूट का लाभ लेने देंगे या इसमें भी वह डंडी मारकर लूटपाट करेंगे। अब बारी रह जाती है वाणिज्य कर विभाग की है। सेल टैक्स अधिकारी अपने सेल्टेक्स इंस्पेक्टर को पहुंचा कर इन अनाधिकृत शोरूम में उपभोक्ताओं साथ हो रही ठगी पर अंकुश लगा पाएंगे। ऐसी उम्मीद कम है क्योंकि जब अनाधिकृत शोरूम सर्विस सेंटर के नाम पर खुले हैं तो निश्चित ही इनका रसूख तो होगा नहीं तो बिना पंचायत की बिना अनापत्ति कंपनी के शोरूम के मापदंड के विपरीत तामियां तहसील भर में चल रहे दो पहिया वाहनों के शोरूम कहीं ना कहीं राजनैतिक एवं अधिकारियों के संरक्षण नतीजा ही है।

## श्री सुन्दरकाण्ड ग्रुप ने संगीतमय सुंदरकांड का किया महापाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा राजेंद्र घोरके जी के निजनवास लाल पार्क के पास,नरसिंहपुर नाका छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,अतुल विश्वकर्मा,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,चंचलेश मालवीय मौजूद रहे।

## पक्षियों को देख और चहचहाहट सुन रोमांचित हुए युवा

### पोआमा नर्सरी में हुई बर्ड वॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

जंगली कौआ, नीलकंठ, टुइंया तोता, दूधराज, बुलबुल, कबूतर, कोतवाल, टिटहरी....यह वो पक्षी हैं, जिन्हें देखकर रविवार प्रातः शहर के युवा बेहद उत्साहित हो गए। मौका था पोआमा नर्सरी में बर्ड वॉक का, इसमें बड़े उत्साह से युवा वर्ग ने भाग लिया। पक्षियों की चहचहाहट सुन कर युवाओं का मन प्रफुल्लित हो गया। बर्ड वॉक में युवाओं ने 20 से भी ज्यादा प्रजाति के पक्षियों को देखा और उनके बारे में जाना।

छिंदवाड़ा जिला प्रशासन, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, आटवी बर्ड फाउंडेशन और जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सयुंक्त प्रयासों से रविवार प्रातः छिंदवाड़ा की पोआमा नर्सरी में बर्ड वॉक का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह व जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। यह वॉक आटवी बर्ड फाउंडेशन द्वारा पक्षी विशेषज्ञ श्री रोहित यादव के साथ मिलकर आयोजित की गई थी।



शहर के प्रतिभागियों ने प्रातः 7 बजे पोआमा नर्सरी में बर्ड वॉक शुरू की। यह लगभग 4 किलोमीटर की वॉक थी। इस वॉक में कुल 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्हें वॉक बहुत पसंद आई और उन्होंने इसका आनंद लिया। वॉक के दौरान लगभग 17 विभिन्न पक्षी प्रजातियों को देखा, जिनमें हमारा राज्य पक्षी फ्लाईकैचर भी शामिल था। सबसे खास बात यह रही कि वॉक में कई किस्म की तितलियां भी देखी गईं। इस प्रकार की वॉक हर माह में दो बार आयोजित की जाएगी।

### दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व के शांति एवं सद्भाव के साथ आयोजन को लेकर जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

# घनी बस्तियों, संकरे रास्तों में आतिशबाजी पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

सोमवार 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है। जिले में दुर्गा उत्सव और दशहरा पर्व को शांति एवं सद्भाव से मनाने के उद्देश्य से रविवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, सीएसपी, डीएसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक, थाना कोतवाली और थाना देहात की टी.आई., सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और जिला शांति समिति के सदस्यों के साथ ही सभी दुर्गा उत्सव समिति और गरबा आयोजन समितियों के आयोजक और सदस्य उपस्थित थे। बैठक में पूर्व की व्यवस्थाओं और सुरक्षा के संबंध में व्यापक चर्चा एवं सुझाव के उपरांत सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



### बैठक के प्रमुख निर्णय

**कोलाहल नियंत्रण** – दुर्गा उत्सव और दशहरा के दौरान ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए स्पष्ट किया गया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार ही डीजे के प्रयोग की अनुमति रहेगी। दुर्गा पंडालों और गरबा के दौरान डीजे पर केवल भक्ति गीत एवं शालीन संगीत की अनुमति होगी। आपत्तिजनक गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उल्लंघन पर डीजे संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

**सुरक्षा प्रबंध** – सभी दुर्गा पंडालों पर विद्युत और आतिशबाजी से सुरक्षा के विशेष इतंजाम के निर्देश दिए गए हैं। घनी बस्तियों और संकरे रास्तों पर आतिशबाजी को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। ट्रांसफार्मर के पास दुर्गा पंडाल नहीं लगाने की समझाईश दी गई है।

**गरबा आयोजन** – गरबा कार्यक्रम रात 10:30 बजे तक ही आयोजित किए जा सकेंगे। गरबा में नियॉन थीम और बॉलीवुड गानों को प्रतिबंधित किया गया है।

**भक्ति एवं सांस्कृतिक अनुशासन** – प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी पर्व गरिमा और सांस्कृतिक मर्यादा के साथ ही मनाए जाने की अनुमति रहेगी। आयोजकों को स्वयंसेवकों के माध्यम से व्यवस्थाएं संभालने की जिम्मेदारी दी गई है।

**दुर्गा विसर्जन और दशहरा** – दशहरा 2 अक्टूबर को मनाया जायेगा एवं विसर्जन का कार्यक्रम 2 और 3 अक्टूबर तक चलेगा। विसर्जन के दौरान सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। असुविधा से बचने के लिए दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन समय का ध्यान रखते हुए करने का अनुरोध किया गया है।

## हज उमरा कर्बला का ट्रेनिंग कैंप इकलेहरा में लगा



**परासिया।** आज इकलेरा ग्राम में हज उमरा कर्बला का ट्रेनिंग कैंप लगा जिसमें जुन्नारदेव विधानसभा परासिया विधानसभा से जाने वाले हाजियों सभी जगह से उपस्थित हुए और उनको समय-समय पर उपस्थित ट्रेनिंग कैंप के ट्रेनर द्वारा जानकारी दी गई की कैसे हज उमरा या बगदाद शरीफ में जाकर अरकान अदा करते हैं काफी तादाद में जरीन एकत्र हुए जारिनों के इस्तकबाल के लिए उपस्थित जनों ने फूल माला से स्वागत किया एवं उनके भोजन की व्यवस्था भी की अंत में सभी ने अपने मुल्क हिंदुस्तान में अमन चैन और भाईचारे के लिए दुआ की अंत में शादाब एम्स ट्रैवल्स द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## शिविर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

# सेवा संकल्प और स्वास्थ्य के अंतर्गत सिरेगाँव में हुआ स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन तक चल रहे 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य अभियान के तहत चौरई क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में ग्राम सिरेगाँव में सांसद विवेक बंटी साहू की पहल पर भाजपा नगर मंडल चौरई द्वारा 5वां विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।





भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहे जनप्रतिनिधिशिविर के शुभारंभ अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि "स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। प्रधानमंत्री मोदी जी के 'सेवा ही संगठन' के संकल्प को पूरा करने में स्वास्थ्य शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।"इस मौके पर पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज बंटी ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बब्लू पटेल, ऋषि वर्मा, , विनोद पाल, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।ग्राम।सिरेगाँव सरपंच रामप्रकाश पटेल, सुरेश वर्मा, जयदीप वर्मा, अक्कू वर्मा, बिक्की वर्मा ने भी शिविर की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम सक्रियशिविर में बीएमओ डॉ. अशोक सेन के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा जिला चिकित्सालय से आए डॉक्टरों ने विभिन्न जांचें कीं और ग्रामीणों को आवश्यक परामर्श दिया।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार के शिविर लोगों को गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करने और समय पर इलाज मुहैया कराने में बहुत मददगार साबित हो रहे हैं। शिविर के दौरान भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर ग्राम चन्दनवाड़ा के अजय बंटी शर्मा और साकेत तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसी तरह ग्राम सिरेगाँव के भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामकर संगठन को मजबूती दी।सांसद विवेक बंटी साहू और अन्य नेताओं ने नए कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें संगठन की रीति-नीति से अवगत कराया। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान से मिली नई दिशाइसी क्रम में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरई में भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया।कुल 87 गर्भवती महिलाओं का एएनसी चेकअप हुआ। 3 व्यक्तियों को टीकाकरण की खुराकें दी गईं।291 लोगों का हीमोग्लोबिन परीक्षण हुआ, जिनमें 52 पुरुष और 239 महिलाएँ थीं। 347 लोगों की हाई ब्लड प्रेशर और 316 की डायबिटीज जांच की गई। 98 महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) जांच और 38 महिलाओं की स्तन कैंसर जांच की गई। 59 व्यक्तियों की मुख कैंसर जांच भी की गई। 193 लोगों की सिकल सेल जांच की गई, जिनमें 25 पुरुष और 168 महिलाएँ शामिल थे। 2 व्यक्तियों के एबीडीएम/पीएम-जय कार्ड बनाए गए और "अन्य" श्रेणी में 12 व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया। मुख्य और लघु शल्य क्रिया के कोई मामले सामने नहीं आए, लेकिन व्यापक स्तर पर हुई इन जांचों से लोगों को समय पर जानकारी और उपचार प्राप्त हुआ। इस प्रकार महिला पुरुष बच्चे सभी मिलाकर 879 लोगों ने शिविर का लाभ लिया।

### जनता में उत्साह और विश्वास

ग्रामीणों ने इस शिविर को अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलना वास्तव में सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। महिलाओं ने विशेष रूप से कैंसर और एएनसी जांच को सराहा।

## मारूड में किसान कार्यशाला का हुआ आयोजन



**पांढुर्ना।** विकासखंड के ग्राम मारूड में आज मूलभूत आवश्यकता पर किसानों की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में शासन द्वारा स्वीकृत कोलीखापा जलाशय का जल्द टेंडर निकालने की मांग उठी। ग्राम मारूड से हरदोली, इटावा, बिछ्वाकला तथा घुडनखापा मार्ग जोडकर बायपास बनाए जाने हेतु संबंधित विभाग के साथ पत्रव्यवहार करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा कार्यशाला में ग्राम के स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला में जनद पंचायत सदस्य राजेंद्र ठाकरे, देविदास राऊत, सुभाष बालपांडे, अनील चौधरी, रामकृष्ण पोतदार, सुरेश ठाकरे, नामदेव डोईजोड, दिगंबर पोतदार, मनोहर घाटोडे, गजु जुमडे, प्रल्हाद राऊत, संदीप सुले, विश्वेश्वर बालपांडे, सुभाष राऊत, दारासिंग नाईक, राजेंद्र जुमडे, नानेश्वर ठाकरे, पुरूषोत्तम बालपांडे तथा अनेक किसान मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव में महिला बाल विकास परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया गया। इस आयोजन में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दिया गया।

**कार्यक्रम की विशेषताएं:-** हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का पंजीयन और चिन्हांकनः परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल के निर्देशन में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का पंजीयन और चिन्हांकन किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से उन महिलाओं की पहचान की गई जिन्हें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी:** सभी हाई रिस्क महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी दी गई और उन्हें उचित खानपान और आराम करने की सलाह दी गई। इससे उन्हें अपने स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिली।- पोषण कीट और पोषण आहार का वितरणः गर्भवती महिलाओं को पोषण कीट और पोषण आहार का वितरण किया गया और आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया गया। इससे उन्हें अपने स्वास्थ्य और पोषण के लिए आवश्यक संसाधन प्राप्त हुए।

**सेक्टरवार आयोजन:-** सेक्टर छिंदी कामथ और जुन्नारदेव शहरीः सेक्टर पर्यवेक्षक सुनीता चंचल और सीमा धुर्वे के मार्गदर्शन में इन सेक्टरों में पोषण माह का आयोजन किया गया। इन सेक्टरों में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सेवाएं प्रदान की गईं।

**महिला बाल विकास परियोजना की भूमिका:-** महिला और बाल विकासः परियोजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना है। इस परियोजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान और सहायता प्रदान की जाती है।

**पोषण माह का महत्व:** राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना है।

## बहु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मार्य बी पेक्स चौरई की आम सभा हुई सम्पन्न



**चौरई :** बहु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मार्य (बी पेक्स) चौरई पंजियन क्रमांक 478 की वार्षिक आम सभा संपन हुई आम सभा मे वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया जिसका अनुमोदन सर्व सम्मति से किया गया समिति ने आगामी बजट एवं समिति से संबंधित सभी कार्यो की रूप रेखा बनाई गई साथ ही समिति द्वारा कीट नाशक वितरण केंद्र की स्थापना जल्द ही की जाना है इस अवसर पर समिति प्रबंधक संतोष रघुवंशी एवं राकेश साहू शाखा प्रबंधक चौरई के साथ समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा एवं नवीन प्रस्तावित समिति उदा दोन के मनोनित अध्यक्ष श्री सुंदर लाल वर्मा उपस्थित रहे साथ ही बड़ी संख्या मे किसान एवं कर्मचारी उपस्थित रहे आमसभा का उदबोधन समिति सहायक सुशील मिश्रा के द्वारा किया गया।

## कटंगी में भारत उल्लास नवभारत परीक्षा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



केन्द्र सरकार के शिक्षा और साक्षरता मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे उल्लास नव-भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय बालाघाट सहित विकासखंड कटंगी के तमाम शासकीय शालाओं में किया गया. नवसाक्षर परीक्षा में विकासखंड कटंगी के 2168 नवसाक्षरों ने उत्साह से भाग लिया. परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुई. सहायक समन्वयक साक्षरता महेन्द्र कुमार डहेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उल्लास नव-भारत साक्षरता कार्यक्रम के नवसाक्षरों की मूलभूत और संख्यात्मक परीक्षा के लिए पिछले 6 माह से लगातार तैयारी, समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही थी. उन्होंने बताया कि कलेक्टर मिशन संचालक मृणाल मीणा के निर्देशन और जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम बर्मन के मार्गदर्शन में किया गया. उन्होंने बताया कि विकासखंड कटंगी के कई शालाओं में सामाजिक चेतना केंद्र बनाए गए हैं और उनके संचालन की जिम्मेदारी प्रधान पाठक और शाला प्रभारियों को दी गई है. विकासखंड कटंगी को परीक्षा में 2082 नवसाक्षरों को सम्मिलित करने का लक्ष्य मिला था. परीक्षा में लक्ष्य से भी अधिक परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया. परीक्षा में 732 पुरुष और 1436 महिलाओं ने परीक्षा दी यानी कुल 2168 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए. परीक्षा के सफल आयोजन में दिनेश गौतम, बीआरसी रविंद्र हरिनखेड़े, विकासखंड सहायक समन्वयक साक्षरता एम.के. डेहरिया समस्त बीएससी और जन शिक्षकों का सहयोग रहा।

## जेल में बंद 101 बंदियों का किया गया उपचार

**वारासिवनी।** हम फाउंडेशन शाखा वारासिवनी के तत्वावधान में वारासिवनी उपजेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 101 कैदियों के स्वास्थ्य की जॉच कर उनको आवश्यक दवाईयॉ निश्शुल्क प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन महाकौशल प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष यूनुस खान पप्पा भाई, जेलर अभय वर्मा, जिला महामंत्री नितिन मुकेश जैन, शाखा अध्यक्ष विवेक विक्की ऐड़े की प्रमुख उपस्थिति में किया गया है। जिसमें जिला चिकित्सालय बालाघाट के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलव के मार्गदर्शन व शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी के पूर्व बीएमओ डॉ. कमलेश झोड़े के सहयोग से वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय के डॉक्टर समर्पित पाटीदार, डॉक्टर सोनिया हटीला डेंटिस्ट एवं हम फाउंडेशन के सहयोगी आंखों के डॉक्टर धर्मेंद्र रामटेके ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## नानी की मौत पर मां को रिश्तेदार के साथ लाने जा रहा था शोभित

# सडक़ हादसे में दो युवक की मौत, दो गांव में शोक का माहौल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर स्थित छिंदरई देवी मंदिर के पास सडक़ हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जिसमें पाथरी निवासी युवक शोभित पिता भगत राउत 25 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल रिश्तेदार युवक निर्देश नेवारे 27 वर्षा ने जिला अस्पताल बालाघाट ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सडक़ हादसे के बाद जिला अस्पताल बालाघाट ले जाए गए घायल निर्दोष की मौत की तहरीर पर बालाघाट जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव परिजनो को सौंप दिया है।

घटना के संबंध में ग्राम खमरिया निवासी नारायण पारधी ने बताया कि ग्राम पाथरी निवासी मृतक युवक शोभित राउत की खमरिया निवासी नानी की मौत हो गई थी। इसीलिए वह खमरिया आया था। जिसके बाद वह अंत्येष्टी से पूर्व अपनी मां को पाथरी से लाने खमरिया निवासी अपने रिश्तेदार निर्देश नेवारे के साथ मोटर सायकिल से गांव पाथरी जा रहा था। इसी दौरान वारासिवनी से आ रहे फल से लदे एक पिकअप क्रमांक एम एच 49 बी जेड 1838 के साथ उनकी मोटर सायकिल की सीधी टक्कर हो गई। जिससे मोटर सायकिल सहित दोनों युवक सडक़ किनारे गिरे गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और शोभित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं निर्देश बुरी तरह से घायल हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और 108 एंबुलेंस घटना स्थल पर पहुंची और घायल निर्देश को उपचार के लिए बालाघाट ले जा रही थी। तभी रास्ते में ही उसकी भी मौत हो गई।

फिलहाल लालबर्रा पुलिस ने पिकअप वाहन को बरामद कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पिकअप क्रमांक एम एच 49 बी जेड 1838 का चालक फरार है। लालबर्रा थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। मृतक का शव बरामद कर उसे लालबर्रा अस्पताल भिजवाया गया है। जबकि घायल को जिला अस्पताल बालाघाट भेजा गया था। जहां से उसकी मौत की खबर मिली है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर जांच की जा रही है, इसमें चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वाहन को जब्त कर लिया गया है। चालक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय लांजी से राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज लांजी ।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान शासकीय महाविद्यालय लांजी में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज दिनांक 21.9.2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आर.एस. सोनवाने के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने सिविल अस्पताल लांजी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लांजी विधानसभा के विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश रामटेक्कर और उज्जवल श्रीवास्तव विधायक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सालय में किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लांजी के स्वयंसेवक पवन कश्यप, ललित भरने, ऋषभ भादरे एवं अन्य सेवकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

सेवा पखवाड़ा अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर उनकी जरूरतों को पूरा करना है। इस तरह के आयोजनों से समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है और लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व के बारे में जागरूक करने का अवसर मिला।

## बरैया के घर से चुराये 2 लाख के जेवर व नगदी

# तीन दिनों में चोरी की 7 वीं वारदात: सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार के निवास पर चोरों ने बोला धावा



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शहर के सुनसान घरों में चोरी की घटना लगातार हो रही हैं। रात ही नहीं दिनदहाड़े कुछ अज्ञात चोर मौका मिलते ही घरों में घुसकर जेवरात और नगदी रुपयों पर हाथ साफ कर रहे हैं। शहर में हो रही चोरी की घटना को लेकर लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ हैं। शहर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण करना पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। लोग अपने घरों को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, व्यापारियों का पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश दिखाई दे रहा हैं।

पिछले तीन दिनों में चोरी की 7 घटनाऍं हो चुकी हैं। जिसमें चोरों ने अलग-अलग बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया हैं। इस बार चोरों ने शनिवार की रात्रि में वारासिवनी नगर के बालाघाट मार्ग स्थित विवेकानंद कालोनी में निवासरत सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार युवराज ठवरे के मकान पर धावा बोला हैं। जहॉ से चोर कीमती जेवरात तो नहीं चुरा पाए, मगर 5-10 हजार रुपयों पर हाथ साफ कर गए हैं। घटना के समय पूरा परिवार जबलपुर गया हुआ था, पड़ोसी द्वारा इसकी जानकारी देने के बाद परिवार अपने घर पहुंचा और सामान को चैक किया, तो उन्हें नगद राशि नहीं मिली।

वारासिवनी थाना क्षेत्र में पिछले तीन दिनों में चोरी की यह सातवीं वारदात हैं। चोरों ने गुरुवार की रात्रि ग्राम पंचायत वारा के शिवधाम मोहल्ला निवासी केशवराव मरकाम और हरिनारायण राहंगडाले, शुक्रवार को दिनदहाड़े वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 1 में स्थित पारस नगर निवासी संजय पटले, वार्ड नंबर 3 निवासी फूलचंद ठाकरे और वार्ड नम्बर 4 निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक प्रभुदयाल बरैया और ग्राम बनियाटोला निवासी डी सी बिसेन के आवास को निशाना बनाया था। वहीं शनिवार की रात्रि फिर एक बार नगर के वार्ड नम्बर 4 विवेकानंद कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार युवराज ठवरे के मकान पर धावा बोला हैं।

इन चोरियों में तीन चोरी ग्रामीण क्षेत्र एवं 4 चोरी नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में हुई हैं। चोरी की घटना के दौरान कुछ आरोपी की सीसीटीवी फुटेज भी वारासिवनी पुलिस को मिली है, मगर उसके बावजूद भी वारासिवनी पुलिस के हाथ खाली है। चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले चोर रैकी कर रहे हैं, मकान की निगरानी कर रहे हैं और बड़े ही आसानी से दिन में सुनसान मोहल्ला होने और रात में अंधेरे का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दे रहे हैं।

नगर के वार्ड नंबर 4 विवेकानंद कॉलोनी निवासी प्रभुदयाल के पुत्र देवेंद्र बरैया ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मैं घर का ताला लगाकर अपने पैतृक गाँव कालागोटा चला गया था। शनिवार की शाम लगभग पांच बजे वारासिवनी अपने घर आया, तो घर के दरवाजे का सामने का ताला टूटा हुए था, अंदर जाकर देखा, तो पूरा सामान बिखरा हुए था। जिसके बाद मैंने इसकी जानकारी अपने पिता प्रभुदयाल बरैया और मम्मी को दी। मम्मी ने अपने सामानों को चैक किया, तो सोने का एक रानी हार जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रूपये और एक लाख तीस हजार रूपये नगद गायब थे। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है।

सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार युवराज ठवरे ने बताया कि 12 अगस्त से बेटे के पास जबलपुर में निवास कर रहे है। वारासिवनी आना-जाना लगा रहता हैं। रविवार की सुबह मुझे साले का फोन आया और बताया कि घर के सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ हैं।

## लांजी में कार में अज्ञात कारणों से लगी आग, धू-धूकर जला वाहन



हरिभूमि न्यूज लांजी।

बालाघाट जिले के लांजी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पूर्वाटोला में घर के बाहर खड़ी एक आर्टिका कार को अज्ञात कारणों से आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना के बाद ग्राम पूर्वाटोला में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते ग्राम वासियों की भीड़ एकत्रित हो गई। यह घटना रात के लगभग 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात कारणों से कार में आग लग गई।कार क्रमांक MP 50 CA 2808 ओमकार रामटेक्कर के घर के गली में खड़ी थी।आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वाहन धू-धूकर जलने लगा।

गाड़ी मालिक राजू रामटेक्कर ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना उनके काका ने दी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल लांजी पुलिस को सूचना दी।घटना की सूचना मिलते ही लांजी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली।पुलिस ने आगे की जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।गाड़ी मालिक ने पुलिस गश्ती को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्ती नहीं होती है, जिससे सामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता है।गाड़ी मालिक ने कहा कि इसके पूर्व भी उनकी गाड़ी में आग लगाई गई थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाया और कहा कि 112 डायल वाहन रात्रि के समय घूमते नजर नहीं आते हैं।लांजी थाना प्रभारी एवं एडिशनल एसपी ने गाड़ी मालिक को आश्वस्त किया है कि इस घटना की कार्रवाई जरूर की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### खबर प्रकाशन के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही, आखिर अधिकारियो की क्या है मजबूरी

**भ्रष्टाचार में लथपथ प्राचार्या नाजमीन खान के ऊपर आखिर कब तक होगी कार्यवाही**

**क्या कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन स्वयं लेंगी संज्ञान**

**सिवनी।** *केशव राय धनोरा - सिवनी जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र धनोरा मुख्यालय में शासकीय कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या नाजमीन खान के द्वारा विगत माह अतिथि शिक्षक भर्ती में नियम को दरकिनार कर अपने हितेषियों को भर्ती कर लिया गया था जिसे माह बीत जाने के बाद भी अभी तक नियमानुसार भर्ती प्रक्रिया नहीं करायी गई अपितु बिना डी एड बी एड के शिक्षकों की तक भर्ती कर लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन अतिथि शिक्षकों की नियम विरुद्ध भर्ती की गयी है उन में से एक शिक्षक को राजनैतिक दबाब में आकर प्राचार्या नाजमीन खान के द्वारा मौखिक रूप से निकाल दिया गया यंहा तक की माह भर स्कूल में कार्य कराया गया पर वेतन का भुगतान किये बिना ही उसे ये बोलकर निकाल दिया गया कि आपको कही आसपास के स्कूल में पदस्थ करा दिया जायेगा और उसके स्थान पर किसी और को रख लिया गया। सूत्र तो ये भी बताते हैं की प्राचार्या नाजमीन खान के द्वारा नियम विरुद्ध भर्ती की गयी थी उसमे जाँच टीम गठित हुई थी और जाँच टीम के द्वारा भर्ती प्रक्रिया को नियम विरुद्ध पाया गया था जिसमे जाँच टीम के द्वारा जाँच प्रतिवेदन में स्कूल के सभी शिक्षकों के हस्ताक्षर कराये गए थे जिससे बौखलाई नाजमीन खान के द्वारा शिक्षकों को फटकार भी लगायी गई थी। क्या नाजमीन खान का यह रवैया ठीक है इसमें तो यह कहावत लागु होती है की चोरी तो चोरी ऊपर से सीना जोरी। सूत्रों की माने तो प्राचार्या नाजमीन खान का राजनीति में और उच्च अधिकारियो से सांठ गांठ होने के कारण कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती। देखना अब यह होगा की आखिर कब तक नाजमीन खान के ऊपर कार्यवाही की जाती है या यूँ ही धनोरा कन्या स्कूल में नाजमीन खान का दबदबा कायम रहेगा।*

# बाबा विजय नंदन ने दिल्ली पहुचकर सौंपा ज्ञापन

### माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम बाबा विजय नंदन ने नकली दवाई एवं कृषि भूमि की रक्षा हेतु दिल्ली पहुंचकर मंत्री जी के निवासरत थाना क्षेत्र प्रभारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया





सिवनी

सूत्रों से मिली जानकारी , के अनुसार देश में नकली खाद बीज एवं दवाइयां बनाने वाले एवं बेचने वाले किसानों का खून चूस रहे हैं इसी बात को लेकर जिला सिवनी के युवा बाबा विजय नंदन ने 24 अगस्त 2025 को माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखकर सूचित किया था कि 17 अगस्त 2025 तक नकली दवा बनाने वाली कंपनी के मालिक के खिलाफ फांसी की सजा को लेकर संसद में प्रस्ताव नहीं रखा गया तो 19 अगस्त 2025 को केंद्रीय कृषि मंत्री के दिल्ली निवास के सामने आमरण अनशन पर बैठें चेतावनी दी थी। लेकिन 18 अगस्त 2025 तक केंद्रीय कृषि मंत्री के द्वारा बाबा विजय नंदन के द्वारा दिए गए आवेदन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण किसान हितेषी मातृभूमि की रक्षा के लिए बाबा विजय नंदन दिल्ली पहुंचे पहुंचते ही पार्लियामेंट अधिकारी एवं थाना प्रभारी के लगातार फोन आना चालू हो गए हिदायत दी कि आप मंत्री जी के बंगले के सामने बैठकर ज्ञापन नहीं दे सकते आपको ज्ञापन देना है तो तुगलक रोड थाना पहुंचिए वहां थाना प्रभारी के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री को आपके माध्यम से ज्ञापन दिलाया जाएगा तो बाबा विजय नंदन अधिकारी की बात मानते हुए तुगलक रोड थाना पहुंचे बाबा जी को सहासम्मन थाने पर बिठाया गया तथा थाना प्रभारी से वार्तालाप करते हुए युवा बाबा विजयनंदन ने मातृभूमि की रक्षा एवं किसानों के हित में नकली दवाई बेचने वाले एवं बनाने वालों के ऊपर कानून बनाकर कार्रवाई की मांग को लेकर थाना प्रभारी के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री को ज्ञापन सोपा गया किसान हितेषी एवं देश हित की बात करने वाले युवा बाबा विजय नंदन अकेले ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते ही केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए स्टेटमेंट देते हुए कहा कि पूरे राज्य में नकली दवा नकली खाद बनाने वाले एवं बेचने वालों के ऊपर कार्यवाही की जाएगी दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान एवं लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे तथा उनकी संपत्ति जप्त की जाए ऐसी घोषणा करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश के किसानों को अस्वस्थ किया।

# ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में दो घायल

सिवनी

जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में बिनेकी गांव के पास रात को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों व्यक्ति बाइक से कहानी गांव से रुपदोंन गांव जा रहे थे।

इसी दौरान बिनेकी गांव के पास ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों व्यक्ति जमीन पर गिर गए। उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया।

घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना स्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है।

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद कुरई ब्लाक कार्यकारिणी का हुआ गठन

**सिवनी** श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक कुरई की बैठक विश्रामगृह कुरई में रखी गई जिसमें जिला अध्यक्ष शरद दुबे की अनुशंसा व ब्लॉक अध्यक्ष बिहारीलाल सोनी की अनुशंसा पर ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें कुरई ब्लॉक के पत्रकार शामिल हुए एवं उन्हें उनके पदों पर नियुक्त किया गया जिसमें ब्लॉक उपाध्यक्ष के लिए महेंद्र विश्वकर्मा एवं देवा जी झरिया ,मीडिया प्रभारी योगेश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष सुधीर बामने ,सचिव रविंद्र विश्वकर्मा, सह सचिव दिनकर बघाडे , सह सचिव जगदेव प्रसाद चंदेल, महामंत्री महेश भेरम एवं सलाहकार समिति में दिनेश कारसपें ,जाहिद खान ,अखिलेश डेहरवाल को नियुक्त किया गया

# मध्य भारत विद्युत ठेकेदार संगठन मध्य प्रदेश के जिला सिवनी के जिला अध्यक्ष बने राजेश साहू

सिवनी

विगत दिवस सिवनी में मध्य भारत विद्युत ठेकेदार संगठन मध्य प्रदेश के *प्रदेश अध्यक्ष श्री जनार्दन प्रताप सिंह दुबे जी* एवं *प्रदेश उपाध्यक्ष जी श्री जैनुल बसर* जी का आगमन हुआ जिसमें सिवनी जिले के समस्त आ श्रेणी विद्युत ठेकेदारों

की एक आवश्यक बैठक संगठन बनाने हेतु आयोजित की गई जिसमें सिवनी जिले के समस्त 'ए' क्लास विद्युत ठेकेदार शामिल हुए जिसमें बैठक में मुख्य रूप से संगठन के निर्माण एवं संगठन के विस्तारिकरण की चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से प्रमुख रूप से श्री राजेश साहू जी

बरघाट विद्युत ठेकेदार संगठन के *जिला अध्यक्ष* घोषित किए गए एवं संगठन के उपाध्यक्ष पद पर *श्री मकबूल खान जी एवं श्रीकांत साहू जी को नियुक्त किया गया एवं श्री रानू ठाकुर जी* को सचिव नियुक्त किए गया इसी कड़ी में *श्री मनीष सोनी जी* कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए एवं सह सचिव पद पर *श्री राजकुमार पटले* जी को नियुक्त किया गया इस अवसर पर उपस्थित *प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष* एवं समस्त'ए' क्लास विद्युत ठेकेदारों की सर्वसम्मति से मुख्य सलाहकार एवं संरक्षक टीम में *श्री प्रमोद कुमार चौरसिया जी एवं श्री देवेंद्र कुमार राजपूत जी एवं श्री नितिन चौधरी जी* नियुक्त किए गए एवं बैठक में सिवनी जिले के समस्त ठेकेदार जिसमें *राजेश कुमार साहू, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, राम अवध मिश्रा अमीन खान, देवेन्द्र राजपूत, , विशाल अहिरवार, संजय वाग , नितिन नेमा, मोहम्मद सुल्तान , श्रीकांत साहू , आशीष गोलहानि, मनोज डहरिया, नितिन चौधरी, तपन कुमार सोनी, मोहम्मद मकबूल, अरविंद कुमार सोनी, दिनेश कुमार भगत, विशाल वैश्य प्रमोद कुमार चौरसिया, अखिलेश कुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार कोसले, कृपाल सिंह बघेल राजकुमार पटले* और अन्य सभी ठेकेदार उपस्थित हुए।

# नर्मदा स्नान जा रहा ऑटो पलटा 12 यात्री घायल

**सिवनी** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र में छिंदवाहा ग्राम के पास आज सुबह 10 बजे एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बरगांव ग्राम से नर्मदा नदी में स्नान के लिए जा रहे 12 यात्रियों से भरा ऑटो छिंदवाहा घाट के पास अनियंत्रित होकर पलट गया।दुर्घटना में सभी 12 यात्री घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों और 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।घायलों में लकेश बट्टी (32), सुशील उइके (32), प्रीति उइके (55), सुनीता ककोडिया (40), लाइची बाई (34), शिवकुमार उइके (40), शेर सिंह ककोडिया (45), देवी लाल धुर्वे (35), संदीप ककोडिया (4), रामकुमार ककोडिया (28), रामप्रकाश ककोडिया (24) और हुलिया बाई (44) शामिल हैं।

किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।



दुर्घटनास्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर र ही है।

# दशहरा नवरात्रि को लेकर के शांति समिति की बैठक का आयोजन

**केवलारी** -देर रात्रि में पुलिस थाना परिसर पर शांति समिति के बैठक का आयोजन शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद, देवी सिंह बघेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा सिवनी, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, अनूप बघेल मंडल अध्यक्ष भाजपा, आशीष भराडे एसडीओपी ,राउत जी नायब तहसीलदार,शिव शंकर रामटेकर थाना प्रभारी, सुधीर पांडे सांसद प्रतिनिधि, रफीक खान अध्यक्ष पत्रकार संघ पवन यादव अधिवक्ता सहित गणमान्य नागरिको , पत्रकारों, नवदुर्गा उत्सव पंडाल समिति के सदस्यो, डीजे संचालको, टेंट ओनरो , नगर परिषद, बिजली विभाग के कर्मचारीयो की उपास्तिथी मे बैठक का आयोजन किया



गया।बैठक मे निर्णय लिया गया कि रोड के किनारे पर स्थापित होने वाली दुर्गादेवी के पंडालो को रोड से पर्याप्त दुरी पर लगाया जाये एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे, इसी तरह नगर की साफ सफाई नगर परिषद द्वारा सुनिश्चित की जाएगी मार्गो मे लाइटिंग की कमी ना हो बंद लाइट चालू कराया जाये। दुर्गा पंडालो के लगने बाले टीसी कनेक्शन के लिए तीन हजार रुपया जमा होगा अधिक रीडिंग पर यूनिट के अनुसार भुगतान देय होगा तीन हजार से कम बिजली खपत पर राशि रिफंड होगी। राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा आयोजित होने वाले 28 नवंबर को शास्त्र पूजन, दुर्गा पूजन और नगर भ्रमण पर शांति सौहार्द पूर्ण बातावरण वनाये रखा जायेगा। पंचमी तिथि पर बड़े ग्राउंड मे आयोजित होने वाले दंगल में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होगी, पंडालों ओर विसर्जन मे अश्लीलता गाने मे पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा ।ओर अनेक बिषयो को लेकर चर्चा की गयी अंत मे थाना प्रभारी ने नगर वासियों से अपील की कि शासन के आदेश व शांति समिति की बैठक मे आये प्रस्ताव का सभी मिलकर पालन करे।

# विधानसभा केवलारी के बंदेली के भक्तों का दल हुआ डोंगरगढ के लिये रवाना

**सिवनी** सोनखार (प्रदीप तिवारी)—जय माता दी जय माता दी जय माता दी शारदेय नवरात्र के पावन अवसर पर भक्तों की विशेष भक्ती देखने को मिलती है. ऐसे ही भक्त केवलारी के निकट ग्राम बंदेली के भक्तों का जत्था छत्तीसगढ़ की शान मां बंमलेश्वरी मैया के धाम डोंगरगढ़ के लिए हुआ विधानसभा केवलारी के बंदेली ग्राम से 15 भक्तों का दल रवाना हुआ, जो गत दिवस अपने ग्रह ग्राम से प्रस्थान करते हुए रात्रि में मां वन देवी बंजारी प्रांगण में विश्राम करने के बाद आज सुबह अपनी पैदल यात्रा करते हुए उगली नगर से जब गुजर रहे थे,तो समाज सेवी राजदीप रांहगडाले एवं साथियों जिसमें समाज सेवी श्याम जायसवाल जी,अमर सिंह भंडारी,कन्हैया गौतम, विनोद बिसेन, अंकित भंडारी, अशोक सैनी, रत्नेश अवधियाश, संजय उइके,अनिल ऐडे और भी साथियों द्वारा स्वागत करते हुए स्वल्पाहार की व्यवस्था बाजार चौक उगली प्रांगण में करवा कर आगे के लिए उनकी यात्रा को शुभ यात्रा का संदेश ग्रामीणों के सहयोग से देते हुए माता रानी के भक्तों का स्वागत किये....

# बंडोल पुलिस व्दारा क्रूरता पूर्वक मवेशियों का 2 ट्रकों से परिवहन करने वाले 7 आरोपियों को पकड़ कर भेजा जेल

### 20 नग नाय एवं 6 नग बछिया, 2 नग बछडा कुल 28 नग गौवंश / मवेशी व दो ट्रक

### कुल कीमती 25,10,000 रूपये मशरूका का जप्त

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील कुमार मेहता के व्दारा गौवश, अवैध परिवहन करने वाले के विरूध्द समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया है एवं अवैध गौवंश हत्या, परिवहन करने वालो की सूचना देने वाले मुखबीरो को नगद ईनाम से पुरूष्कृत करने हेतु घोषना की गई है। श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे गौवंश की तस्करी करने वाले के विरूध्द लगातार कार्यवाही जारी है।

थाना बंडोल में दिनांक 20/09/2025 को थाना प्रभारी बंडोल व्दारा अवैध मवेशी परिवहन की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए बंडोल बायपास रोड NH 44 हाईवे रोड फिल्टर प्लांट तिराहा पर नाकाबंदी कर दो ट्रको को पकड कर कार्यवाही की गई है, थाना प्रभारी बंडोल व्दारा बताया गया कि दिनांक 20.09.2025 के प्रातः करीबन 04.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि लखनादौन छपारा तरफ से दो ट्रक क्रमशः आयसर ट्रक क्रं. TG07U3220 एवं टाटा ट्रक क्रमांक UP44BT 5640 में गौवंश को भरकर नागपुर कत्लखाना कत्ल करने के लिए ले जा रहे है कि सूचना पर तत्काल स्टाफ के व्दारा फिल्टर प्लांट तिराहा में नाकाबंदी कर दोनो ट्रको को रोक तलासी ली गई जो तलासी दौरान आयसर ट्रक क्रं. TG07U3220 में 09 नग गाय, 02 नग बछिया, 02 नग बछडा एवं टाटा ट्रक क्रमांक UP44BT 5640 में 11 नग गाय 04 नग बछिया दोनो टूको में कुल 28 नग मवेशी क्रुरता पूर्वक ठूस-ठूस कर भरे हुये थे जिन्हे आरोपियो व्दारा नागपुर कत्लाखाना कत्ल करने के लिए ले जाया जा रहे थे जिनकी कार्यवाही करते हुये आरोपियों के कब्जे से जप्त कर दयदोय पशु गौशाला बीझावाडा सिवनी में सुर्धार्थ सुपुर्द कर आरोपीगण (1) बानावत धनजी पिता बानाबत कृष्ण नायक उम्र 35 साल निवासी जिल्ल गुठा वस्ती थाना करमनद सारू नगर जिला रंगारेडी तेलंगाना (2) जुबैद पिता जफरुद्दीन कुरैशी उम्र 26 साल निवासी गोपालपुरा वार्ड नंबर 22 थाना समसाबाद जिला आगरा उत्तरप्रदेश (3) शलीम कुरैशी पिता अमीन कुरैशी उम्र 30 साल निवासी किलीखाना मोहल्ला थाना फतहपुरसिकरी जिला आगरा उत्तरप्रदेश के विरूध्द धारा 463/25 धारा धारा 4, 6, 9 म. प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 6, 7 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि., 11 (1) (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, धारा 130(3)/177 मोटर व्हीलक एक्ट एवं आरोपीगण (1) गुलशेर पिता मोहर्रम अली उम्र 25 साल निवासी ग्राम अविया कला थाना कोतवाली देहात जिला सुलतानपुर उत्तरप्रदेश, (2) मोहम्मद अदनान पिता मोहम्मद इरफान उम्र 36 साल निवासी मकान नंबर ई 1/286 शहीद नगर थाना सदर जिला आगरा उत्तरप्रदेश, (3) धीरज कुमार चमार पिता दिलीप कुमार चमार उम्रन 22 साल निवासी ग्राम छपिया थाना खजनी जिला गोरखपुर उत्तरप्रदेश, एवं विधिविरुध्द बालक (4) विधि विरूध्द बालक के विरूध्द अप.क्र. 464/25 धारा - 4, 6, 9. म. प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 6,7, म.प्र. कृशि उपयोगी संरक्षण अधिनियम, 6 (क), 6 (ख) (1) म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि. 11(1) (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम का कायम कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# नमो मैराथन सिवनी : विधायक दिनेश राय 'मुनमुन' ने विजेताओं को किया सम्मानित

**सिवनी।** भारत सरकार एवं म.प्र.शासन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत दिनांक 21.09.2025 को जिला प्रशासन सिवनी के द्वारा नमो मैराथन का आयोजन माननीय श्री दिनेश राय ''मुनमुन'' विधायक सिवनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सर्वप्रथम मॉ. सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुये पूजन उपरांत मान. श्री दिनेश राय ''मुनमुन'' जी का स्वागत श्री अजय बाबा पांडे जी, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पी.जी. कॉलेज सिवनी, श्रीमती मनु धुर्वे जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सिवनी, डॉ. रवि शंकर नाग प्राचार्य, पी.जी. कॉलेज सिवनी, श्री विशाल मर्सकोले मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी, श्री एस.एस.मेहता सहायक संचालक शिक्षा विभाग के द्वारा एवं अन्य मंचासीन अतिथियों का स्वागत विभागीय कर्मचारियों के द्वारा किया गया। तदोपारंत मान. श्री दिनेश राय ''मुनमुन'' विधायक महोदय के द्वारा अपने उद्बोधन में नमो मैराथन के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये आपने बताया कि मान. श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री जी आम लोगों में शारीरिक रुप से फिट व स्वस्थ्य रहने, उनमें सेवा भाव जागृत करने, स्वच्छ भारत के निर्माण में साफ-सफाई करने, जरुरतमंदों की मदद करने, रक्तदान करने, समाज के वृद्धजनों की सेवा करने के भाव लाने तथा समृद्ध एवं



सशक्त भारत का निर्माण किया जाना है। आपने सभी से आशा व्यक्त की, कि हम सभी मान. प्रधानमंत्री की मंशानुरुप उनके द्वारा बताये रास्ते में चलकर सेवा के लिये सदैव तत्पर रहेंगें। मान. श्री दिनेश राय मुनमुन विधायक महोदय जी के द्वारा प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन हेतु तत्काल में बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिकाओं को पृथक-पृथक क्रमशः 2100.00 रु. 1100.00 रु. व 500.00 रु. नगद पुरुस्कार की प्रदाय करने की घोषणा की गई। उद्बोधन उपरांत मान. दिनेश राय ''मुनमुन'' विधायक महोदय, मान. श्री ज्ञानचंद सनोड़िया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिवनी व मान. श्री अजय बाबा पांडे, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पी.जी. कॉलेज सिवनी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर नमो मैराथन का शुभारंभ किया गया, जो कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से प्रारंभ होकर, उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के सामने से, सोमवारी चैक, एम.एल.बी. स्कूल, पोस्ट ऑफिस के सामने से, बस स्टेंड होते हुये नगर पालिका चैक वापस इसी रास्ते से पुनः प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में समाप्त हुई । जिसमें बालक वर्ग में प्रथम राहुल बघेल, द्वितीय संदेश बिसेन, तृतीय अनुराग मरकाम एवं बालिका वर्ग में प्रथम कु. तेजेश्वरी मराठे, द्वितीय कु. निशा कुल्हाड़े, तृतीय कु. रिया पटले प्राप्त किया जिन्हें मान. विधायक महोदय द्वारा की गई घोषणा अनुसार नगद पुरुस्कार राशि प्रदाय की गई तथा सांत्वना पुरुस्कार के रुप में कु. पूर्णिमा डहेरिया, कु. नम्रता , कु. समीक्षा सोनी, कु. एवं तबारिका नाज सभी को राशि रु. 500.00 - 500.00 प्रदाय किये गये है। नमो मैराथन के आयोजन में नगर पालिका परिषद सिवनी, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, जिला खेल और युवा कल्याण विभाग, जिले के सक्रीय खेल संघों, जिला जन संपर्क विभाग का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर श्री युवराज सिंह राहंगडाले अध्यक्ष युवा मोर्चा जिला भा.ज.पा. सिवनी, श्री अभिषेक दुबे, मंडल अध्यक्ष, श्री राजू यादव जी पार्षद, श्री बादल बेन, नगर महामंत्री, श्री मयंक तिवारी, श्री अनुप मिश्रा नगर महामंत्री, श्री तुलेश डहरवाल जी, श्री शुभम राजपूत जी, श्री लवकेश त्रिवेदी जी, श्री संजय शर्मा जी, श्री छिद्दी लाल श्रीवास जी, श्री एफ.एन.इक्का क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. पवन वासनिक एनसी.सी. अधिकारी, श्रीमती जस्सी थामस क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग व जन जातीय कार्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी व खेल शिक्षक, एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट गाइड, बड़ी संख्या में खिलाड़ी व छात्र-छात्रा, वरिष्ठ खिलाड़ी व मीडिया के साथी उपस्थित रहें। मंच संचालन श्री के.सी. बापू राउर क्रीड़ा अधिकारी जी.जी. कॉलेज सिवनी के द्वारा किया गया एवं जिला प्रशासन की ओर से आभार खेल और युवा कल्याण विभाग के श्री नारायण सिंह बिसेन के द्वारा किया गया।

# राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा ग्वालियर में भाग लेंगे सिवनी जिले के खिलाडी

## बॉक्सिंग प्रशिक्षक सोहन लाल सेन होंगे जबलपुर संभाग टीम के कोच

### प्रदेश भर से लगभग 450 खिलाड़ी एवं 100 ऑफिशियल कोच भाग लेंगे।

**सिवनी.** संयुक्त संचनालय लोक शिक्षण संस्थान भोपाल द्वारा शिक्षा विभाग ग्वालियर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा में सिवनी जिले के 7 ख़िलाडी लेंगे भाग।इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के भोपाल संभाग,रीवा संभाग, शहडोल संभाग,ग्वालियर संभाग,



नर्मदापुरम संभाग, उज्जैन संभाग, जबलपुर संभाग, सागर संभाग,के प्रदेश भर से लगभग 450 खिलाड़ी एवं 100 ऑफिशियल कोच भाग लेंगे। ज्ञातव्य है कि संभाग स्तरीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा बालाघाट में सिवनी जिले के 35 ख़लाडी सहित बिभिन्न जिले के खिलाडियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था ।खिलाड़ियो ने संभाग स्तरीय स्पर्धा में दिनाक 26 अगस्त से 27 अगस्त तक बालाघाट में दल प्रवंधक अनिल पाटिल , कोच सोहन लाल सेन सचिव जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी,कोच दक्ष चंद्रवंशी के साथ भाग लेकर पदको में कवजा किया था । इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग बालिका 17 एवं 19 वर्ष समृद्धि पांडे 46-48 कि.ग्रा.भार वर्ग स्वर्ण पदक,उत्कर्षा राउत 48-50 कि.ग्रा.भार वर्ग स्वर्ण पदक,अवनी चौरसिया 54-57 कि.ग्रा.भार वर्ग स्वर्ण पदक ,भावना शर्मा 63-66कि.ग्रा. भार वर्ग स्वर्ण पदक, दिशा जायसवाल 66-69 कि.ग्रा.भार वर्ग स्वर्ण पदक ,बालक 17 एवं 19 वर्ष में ,प्रीत साहू 46-48 कि.ग्रा. भार वर्ग स्वर्ण पदक, अंश सिंह 75-81 कि.ग्रा. भार वर्ग स्वर्ण पदक, का चयन राज्य स्तरीय बॉक्सिंग स्पर्धा ग्वालियर के लिए हुआ । सब जूनियर वर्ग के ख़लाडी ग्वालियर में आयोजित स्पर्धा में भाग लेने हुए रवाना हुए ।यह प्रतियोगी 22 से 26 सितम्बर तक ग्वालियर में भाग लेंगे। ज्ञातव्य है कि समस्त खिलाडी सिवनी जिले के मुख्य बॉक्सिंग प्रशिक्षक सोहन लाल सेन सचिव जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी से प्रशिक्षण प्राप्त है , समस्त चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके रास्ट्रीय स्पर्धा में चयनित होने की कामना जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी,जिला क्रीड़ा अधिकारी जस्सी थॉमस, राघवेंद्र ठाकुर उदय पब्लिक स्कूल प्राचार्य , पवन मालू संचालक उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, उमंग मालू संचालक उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, देवेंद्र ठाकुर , अनिल राजपूत, संदीप मिश्रा, आशीष दीक्षित, भावना गायकवाड़, सुनील मर्सकोले, छिद्दी लाल श्रीवास ,संदीप नेमा, शीतल नामदेव,मनीष तुमन्ने, दिलेश्वरी कटरे,आशीष यादव, प्रकाश कुशवाह, अनुराग एवं समस्त जिला बॉक्सिंग संघ के सदस्यों ने बधाई प्रेषित की है

### मामला हट्टा वनपरिक्षेत्र परसवाड़ा बीट के कक्ष क्रमांक 172 का

# भालू ने हमला कर किसान को किया घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में एक किसान भालू के हमले में घायल हो गया। घटना रविवार को हट्टा वनपरिक्षेत्र के जंगल से लगे खेत में हुई। कोड़पाटोला निवासी विजय कोड़ापे अपने खेत में काम कर रहे थे, तभी भालू ने उन पर हमला कर दिया।

हमले में विजय के गले, सीने, पैर और हाथों में चोटें आईं। पास में पिहरी तोड़ने गई महिलाओं ने उनकी



मदद की। महिलाओं ने विजय की बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर उन्हें घायल अवस्था में पाया और घर तक पहुंचाया। बाद में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

हट्टा परिक्षेत्र की बीटगार्ड सुगवंता नगपुरे के अनुसार, घटना परसवाड़ा बीट के कक्ष क्रमांक 172 से लगे खेत में हुई। वन विभाग ने घायल के परिवार को प्राथमिक उपचार के लिए एक हजार रुपए की सहायता राशि दी है।

# काली पुतली चौक पर भारत माता की प्रतिमा स्थापित होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगर के काली पुतली चौक पर 10 फीट ऊंची भारत माता की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा खैरागढ़ में तैयार की गई है। प्रतिमा में भारत माता को शेर पर सवार दिखाया गया है।





नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने रविवार को नगर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के साथ बैठक की। हनुमान मंदिर परिसर में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतिमा काली पुतली चौक स्थित चौपाटी के कार्नर पर स्थापित की जाएगी।

25 सितंबर को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से भारत माता की प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शरद पूर्णिमा के दिन 6 अक्टूबर को प्रतिमा का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा।

नगरपालिका अध्यक्ष ने लोगों से तिरंगे झंडे के साथ शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है।

### श्रमिक कार्ड हितग्राहियों को एक-एक लाख राशि के चेक

# हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता की नपाध्यक्ष ने दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 12 अगस्त को हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत वार्डो में स्वच्छता कार्य तथा महापुरूषों की प्रतिमा की साफ-सफाई की गई। नगर पालिका परिषद बालाघाट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही श्रमिक कार्ड हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की अतिरिक्त एक-एक लाख रूपये की राशि के चेक का वितरण किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, सभापति समीर जायसवाल, संगीता कावरे, योगिता विनय बोपचे, कमलेश पांचे, उज्जवल आमाडारे, पार्षद योगराज कारो लिल्हारे, दीनू बसेने, सोहेल खान, सीएमओ बीडी कतरोलिया, वाचस्पति त्रिपाठी, बीएल लिल्हारे, योजना शाखा एवं स्वास्थ्य शाखा के अलावा हितग्राहियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका बालाघाट द्वारा विशेष स्वच्छता कार्य किया जा रहा है। इसके तहत नपध्यक्ष द्वारा शहर के वार्ड क्रं.6 में पहुंचकर सभापति, पार्षदों एवं अधिकारियों के अलावा स्वच्छता मित्रों के साथ साफ-सफाई की। इस अवसर पर पार्षद रैना धीरज सुराना, खगेश कावरे, सीएमओ बीडी कतरोलिया, स्वच्छता प्रभारी अजेन्द्र सिंह, माही अहाके, काजल डोंगर सहित अन्य उपस्थित रहे। जहां देवी तालाब परिसर गणेश मंदिर के आसपास पॉलिथिन, कूड़ा-करकट, झाडि़यों को हटाकर साफ-सुथरा किया गया। वहीं नगर में महापुरूषों की प्रतिमा को भी पानी से धुलवाकर सफाई की गई। इसके उपरांत दोपहर 2.30 बजे नपा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हर घर-तिरंगा, हर घर-स्वच्छता का संदेश देते हुए देशभक्ति और स्वच्छता के भाव को बनाये रखने शपथ दिलाई गई। जहां अधिकारी-कर्मचारियों और हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नपाध्यक्ष ने सभी से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लेते हुए तिरंगे के सम्मान और स्वच्छता के महत्व पर बल दिया तथा अपने घर एवं शहर को साफ-सुथरा रखने के अलावा हर घर तिरंगा फहराकर देशभक्ति की भावना को सशक्त करने का आग्रह किया।

**हितलाभ पाकर खुश हुये श्रमिक कार्ड हितग्राही:**यह आयोजन स्वच्छता जागरूकता और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम बना हुआ है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रमिक कार्डधारी लगभग 12 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की अतिरिक्त सहायता राशि के रूप में एक-एक लाख रूपये के चेक का वितरण किया गया जिससे लाभार्थियों ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खुशी जताई। नपाध्यक्ष, सभापति एवं पार्षदों ने हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता का संदेश देते हुए सेल्फी ली और तिरंगा झण्डे को लहराकर देशभक्ति के भाव को प्रकट किया.

**महापुरुषों की प्रतिमा का रंग रोगन कर हुई सफाई:**देशभक्ति के उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने को लेकर नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा शहर के चौक चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा के चबूतरो का रंग रोगन करने के साथ ही साफ सफाई की गई। हनुमान चौक स्थित गांधी प्रतिमा की ग्रिल अज्ञात तत्वों द्वारा तोड़ दी गई थी जिसका सुधार कार्य नप अध्यक्ष ने करवाया इसे लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि महापुरुषों की प्रतिमा की देखरेख उचित तरीके से होनी चाहिए इसमें लापरवाही नहीं बढ़ती जानी चाहिए नियमित रूप से सफाई को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए।

# आज से शारदीय नवरात्र प्रारंभ

### सार्वजनिक देवी मंदिर में जगमगाएंगे ज्योति कलश



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** आज से देवी आराधना का पर्व शुरू होने वाला हैं, इसके पहले ही दिन ज्योति कलश की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही अखंड ज्योति व ज्वारे बोये जायेगे। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शारदेय नवरात्रि की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आज से शारदेय नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होने वाला हैं और सार्वजनिक पंडालों सहित देवी मंदिरों में जोर.शोर से तैयारी अब लगभग पूरी हो चुकी हैं। वही मूर्तिकारों ने भी मातारानी की प्रतिमा को लगभग अंतिम रूप में तैयार कर लिया है।

वारासिवनी नगर में मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना विभिन्न सार्वजनिक पंडालों में की जायेगी, वहीं नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। सोमवार को शुभ अवसर पर कलश स्थापना की जाएगी, वहीं सार्वजनिक पंडालों में मातारानी की पूजा अर्चना की जाएगी। इसके साथ ही नौ दिनों तक मातारानी के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जाएगी, इसके लिए माता के भक्तों द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है।

# धान बेचने वाले किसानों को मिलेगा 4 हजार का बोनस

### सीएम यादव 24 को बालाघाट में एक क्लिक से 337 करोड़ रुपए करेंगे ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 सितंबर को बालाघाट जिले के कटंगी में राज्य स्तरीय किसान बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री इंदलसिंह कंसाना और प्रभारी मंत्री राव उदय प्रतापसिंह भी मौजूद रहेंगे।

कृषि उपज मंडी प्रांगण कटंगी में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एक क्लिक से किसानों के खातों में 337 करोड़ 12 लाख रुपए की बोनस राशि ट्रांसफर करेंगे। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से यह बोनस दिया जाएगा।

कार्यक्रम में बालाघाट, सिवनी, मंडला, जबलपुर और डिंडोरी के किसान शामिल होंगे। लगभग 25 हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है। इसके लिए मंडी में 100 बाई 400 का डोम तैयार किया जा रहा है।मुख्यमंत्री इस दौरान जिले के 244 करोड़ रुपए की लागत के 75 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे।

बालाघाट जिले के एक लाख से अधिक किसान इस बोनस राशि से लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा विधायक गौरव पारधी, कृषि विभाग के संचालक अजय गुप्ता और कलेक्टर सहित प्रशासनिक टीम ने लिया है।

# विधायक के हस्ते आंगनवाड़ी केंद्रों को एलईडी टीवी का किया गया वितरण

**वारासिवनी।** शासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को हाईटेक बनाने की तैयारी चल रही हैं। इसी के तहत वारासिवनी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वारासिवनी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली 131 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 40 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों को एलईडी टीवी से लैस कर दिया गया है। एलईडी के माध्यम से नौनिहालों को मुफ्त शिक्षा देकर शिक्षित किया जाएगा।

जिसके तहत सोमवार को विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते परियोजना अधिकारी यशोदा भगत की उपस्थिति में 40 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों को एलईडी टीवी का वितरण किया गया। इन चिन्हित आंगनवाड़ी केंद्रों पर मुफ्त शिक्षा लेने के लिए आने वाले नौनिहालों को एलईडी टीवी के माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। एलईडी के माध्यम से बच्चों को पढने में भी सहायता



होगी।

इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि बच्चे जो देखते हैं, वही सीखते है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बच्चों को विकास पोषण ट्रैक के माध्यम से निगरानी का निर्णय लिया गया, इसके लिए सामान्य आंगनबाड़ी केंद्र को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में अपग्रेड किया गया है। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के लिए कुछ आवश्यक मापदंड भी तय किए गए हैं, जिसके आधार पर चयन किया जा रहा है। वारासिवनी ब्लॉक में लगभग 40 सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए एलईडी टीवी का वितरण किया गया है।

उन्होंने कहा कि हमारी बहने पूरी ईमानदारी के साथ काम करती हैं, विषम परिस्थितियों में भी हमेशा साथ दिया है। हमारे क्षेत्र में कुछ आंगनवाड़ी किराये के भवनों में संचालित हो रही है। कुछ आंगनवाड़ी भवन जर्जर हो गए हैं। हमारे द्वारा इसके बारे मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया को अवगत कराया गया हैं। उन्होंने हमें आश्वस्त किया हैं कि बहुत जल्द नवीन आंगनवाड़ी भवन का निर्माण किया जाएगा।

## 23 सितंबर को आयुष विभाग मनाएगा दसवां आयुर्वेद दिवस, विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आयुर्वेद जन-जन के लिए - पृथ्वी के कल्याण के लिए₹ Ayurveda for People and Planet थीम पर दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस दिनांक 23 सितंबर को प्रत्येक आयुष संस्था में मनाया जावेगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने बताया कि आयुर्वेद_दिवस की शुरुआत 2016 में धन्वंतरि जयंती (धनतेरस) के अवसर पर हुई थी, लेकिन अब प्रतिवर्ष इसे स्थायी रूप से 23 सितंबर को मनाने का निर्णय लिया गया है ताकि इसका वैश्विक स्तर पर प्रचार और प्रसार बढ़ सके। दशम आयुर्वेद दिवस की गतिविधियां अंतर्गत आयुष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सिकलसेल प्रभावित क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया संबंधित जन जागरूकता, व्याख्यान और सामुदायिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम, औषधि पौधों का वितरण व वृक्षारोपण, चित्रकला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिताएँ एवं वर्तमान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ ही व्यापक प्रचार प्रसार के साथ आयोजित की जा रही है ।

### तनाव प्रबंधन और खुशहाल जीवन जीने की कला

# आर्ट ऑफ लिविंग का तीन दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर 26 से

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मानवतावादी गुरू श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट केंद्र द्वारा आगामी 26 सितंबर से 28 सितंबर तक तीन दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर (आनंद अनुभूति कार्यक्रम) का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे तक स्थानीय हॉल में होगा।

प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को तनावमुक्त, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम में योग, ध्यान, प्राणायाम, आसन और विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया को सरल और रोचक तरीके से सिखाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गुरुदेव श्री श्री के अनुसार हिंसा रहित समाज,



रोगमुक्त शरीर, शंका रहित बुद्धि और दुःख रहित आत्मा हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इन्हीं लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है।

सुदर्शन क्रिया पर हुए अंतरराष्ट्रीय शोधों में पाया गया है कि यह क्रिया शरीर से तनाव हार्मोन कम करती है, हानिकारक कोलेस्ट्रॉल घटाती है और लाभकारी हार्मोन व कोलेस्ट्रॉल बढ़ाती है। साथ ही यह मन को शांत और शरीर को ऊर्जावान बनाती है।

यह शिविर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए खुला है। आयोजन समिति और आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस जीवनोपयोगी कार्यक्रम का लाभ उठाकर अपने आपको तनावमुक्त कर शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत बनाएं ।

### ग्राम स्तरीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई

# प्राचार्यों एवं छात्रावास अधीक्षकों की बैठक में दिए निर्देश

**बालाघाट।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले में चयनित ग्रामों में 20 कलस्टर गठित किये गये है। श्रीमती शकुंतला डामोर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट द्वारा कलस्टर प्रभारियों की बैठक लेकर ग्राम स्तरीय कार्यो की समीक्षा बैठक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर के आडोटोरियम में दिनांक 20 सितंबर 2025 को आयोजित की गयी। जिसके पश्चात विकासखंड बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा में संचालित विभागीय शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्यों एवं अधीक्षकों की बैठक ली गई।

बैठक में निर्देशित किया गया कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित ''आदि सेवा पर्व'' का आयोजन कलस्टर में किया जा रहा है एवं आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्राम स्तरीय कार्ययोजना का अनुमोदन दिनांक 02 अक्टूबर 2025 को किया जाना है, जिसके लिए समस्त विभागीय प्राचार्य, अधीक्षकगण को आवश्यक सहयोग किये जाने एवं ग्राम स्तरीय गतिविधियों में सम्मिलित रहने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक के पश्चात श्री जितेन्द्र आर्मो ग्राम भेलवाटोला (करमसरा) का अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर चयन होने पर श्रीमती शकुंतला डामोर सहायक आयुक्त के द्वारा पुष्पगुच्छ एवं उपहार से सम्मानित किया गया। विदित हो कि श्री जितेन्द्र आर्मो के द्वारा प्राथमिक शिक्षा शासकीय प्राथमिक शाला भेलवाटोला (करमसरा) से, माध्यमिक शिक्षा शासकीय माध्यमिक शाला करमसरा से, हॉयर सेकेण्डरी शिक्षा वर्ष 2016 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलाजखंड से पूर्ण की गई है। जिसके पश्चात डॉ. हरिसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की।

समीक्षा बैठक में सहायक आयुक्त के द्वारा विज्ञान एवं गणित विषय में प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी ली गई। विकासखंड अधिकारी विकासखंड बिरसा के द्वारा बताया गया कि विकासखंड बिरसा अंतर्गत बायोलॉजी विषय में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानेगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचनारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पल्हेरा में 100 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिस पर प्राचार्य श्री विनोद वासनिक, प्राचार्य श्री दिलीप सिंह उइके एवं प्राचार्य श्री के.के. पारधी की सराहना की गई।

सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने अधीक्षकों को निर्देशित किया कि आगामी शैक्षणिक सत्र में गणित विज्ञान विषय के छात्रावास में प्रवेश देना है । आने वाले सत्र में 500 बच्चों को गणित और विज्ञान दिलाने का सभी प्राचार्य एवं अधीक्षको को लक्ष्य दिया गया।

# मॉयल के नए कार्यकारी निदेशक किशोर चंद्राकर का भरवेली भ्रमण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मिनीरत्न ए श्रेणी के सरकारी उपक्रम मॉयल लिमिटेड के नए कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) किशोर चंद्राकर ने पदोन्नति के बाद गत दिवस भरवेली माइन का एक दिवसीय दौरा किया। भरवेली आगमन पर विश्रामगृह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक उम्मेद सिंह भाटी तथा खान प्रबंधक विवेक कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।**



अपने प्रवास के दौरान श्री चंद्राकर ने मेटालिफेरस माइंस सेफ्टी वीक 2024 के समापन एवं 2025 की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित बैठक में भाग लिया। यह बैठक परासिया क्षेत्र के निदेशक खान सुरक्षा अल्ताफ हुसैन अंसारी, उपनिदेशक खनन सुरक्षा कैमरा तिरुपथी, निजी खदान संचालकों और मॉयल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी साधनों और डिजिटल मॉनिटरिंग के उपयोग से न केवल दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने सभी खनन इकाइयों को सुरक्षा मानकों के पालन और नवाचार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इसके बाद श्री चंद्राकर ने मॉयल अधिकारियों के साथ कंपनी में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉयल की सतत प्रगति के लिए उत्पादन वृद्धि, टीम वर्क, नवाचार और खनन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उनका कहना था कि सभी कर्मचारियों और प्रबंधन के सामूहिक प्रयास से कंपनी को खनन क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

गौरतलब है कि श्री किशोर चंद्राकर अतीत में भरवेली खदान में खान प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पुराने कार्यकाल के दौरान उन्होंने यहां के कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के बीच गहरी छाप छोड़ी। श्री चंद्राकर का यह दौरा मॉयल लिमिटेड के लिए नई ऊर्जा और दिशा लेकर आया है। उनके नेतृत्व में कंपनी की खनन सुरक्षा और उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय प्रगति की उम्मीद जताई जा रही है।

### कंजई मोक्षधाम स्थित राजस्व, नाले से हो रही रेत की चोरी, शासन को हो रही राजस्व हानि

# राजस्व और खनिज विभाग की निष्क्रियता? किसान परेशान!

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

खनिज और राजस्व विभाग की निष्क्रियता से लालबर्रा क्षेत्र के राजस्व नालों से रेत माफिया सुबह से लेकर शाम तक रेत की चोरी कर रहे हैं और शासन को राजस्व हानि पहुंचा रहे हैं, लेकिन समझ यह नहीं आता की आखिर राजस्व और खनिज विभाग कर क्या रहा है..? क्या उन्हें पता नहीं की सरकार ने उन्हें कौन सा दायित्व सौपा गया है। प्रतिदिन रेत माफिया राजस्व नालो को छलनी कर खुलेआम रेत की चोरी कर रहे हैं लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नहीं. क्या यही हो रही है खनीज संपदा की सुरक्षा. आखिर प्रतिदिन हो रही राजस्व हानि का जिम्मेदार कौन..



नगर मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कंजई के मोक्ष धाम स्थित नाले से प्रतिदिन रेत चोर सुबह और शाम को रेत की चोरी कर रहे हैं और शासन को राजस्व हानि पहुंचा रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है बीते कई वर्षों से चले आ रहे रेत के अवैध उत्खनन से किसान परेशान दिखाई दे रहे हैं। किसानों के मना करने के बाद भी रेत चोर नहीं मान रहे हैं और निरंतर रेत की चोरी कर शासन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। और किसानो की खेती खराब हो रही है नाला गहरा होने के चलते उनके खेतों की मेड कटते जा रही है। महिला किसान ने बताया कि रेत की चोरी को लेकर हमारे द्वारा इसके पूर्व में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और फिर भी रेत की चोरी नहीं रुकी, निरंतर कई वर्षों से नाले को रेत माफिया खोखला कर रहे हैं। और जिम्मेदार राजस्व और खनिज अधिकारी है कि खनिज संपदा की हो रही चोरी पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। किसान महिला ने अपनी आप बीती सुनाई और बताया कि हमारी कोई नहीं सुन रहा. रेत की चोरी से हमारा खेतों की मेड टूट रही है। हमारी मांग है कि मोछ धाम स्थित नाले से हो रहे रेत की चोरी को रोका जाए। और ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की जाए।